दैनिक जागरण 16/02/2023

# राष्ट्र कल्याण के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया



एनएसएस कैंप के दौरान शामिल जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। ● विज्ञप्ति।

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित शिविर का समापन बुधवार को किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसए प्रकोष्ठ से समन्वयक डा. आनंद कुमार मौजूद रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्र कल्याण के लिए प्रेरित किया। कोरोना काल में भी स्वयंसेवकों ने अनुपम भूमिका निभाई, विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयंसेवक निर्भय होकर अगली पंक्ति में खड़े रहे। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि समाज सेवा ही राष्ट्र सेवा है हमारे स्वयं सेवकों में नवाचार के उदाहरणों को प्रस्तुत किया गया। गांव खुड्डा कलां में स्वयंसेवकों ने अनेक तरह की गतिविधियों में भाग लिया। मौके पर डा. धर्मवीर सैनी, डा. अनीश, डा. सरोज मौजूद रहे।